हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 जुलाई 2025

06 फल वितरण कर मनाई मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति...



07 नशा शरीर व भविष्य को करता है कमजोर...






## खबर संक्षेप

### मास्टर ट्रेनर को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की हरेक परियोजना से पांच - पांच बालिकाओं को शौर्या दल मे मास्टर ट्रेनर बनाए जाने आज सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभागार में पूर्वाहन 11 बजे से शुरू होगा। आयोजित कार्यशाला सह प्राक्षिक्षण मे किसी एक पर्यवेक्षक साथ भेजे के निर्देश दिए गए हैं।

### पूर्व सीएम ने बिटिया के इलाज की व्यवस्था कराई



**विदिशा।** ग्राम हिनोतिया में रहने वाली बेटिया राखी पिता सुनील पाल गंभीर बीमारी से जूझ रही है। गांव के प्रदीप रघुवंशी को जब यह जानकारी लगी तो उन्होंने केंद्रीय मंत्री और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बिटिया की बीमारी के बारे में चर्चा की और उसे पूर्व सीएम से मिलवाया। शिवराज सिंह चौहान ने युवा मोर्चा के जिला मंत्री प्रदीप रघुवंशी की बात को गंभीरता से लेते हुए तुरंत दिल्ली एम्स में फोन लगाकर बिटिया के इलाज की व्यवस्था कराई।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 30 जुलाई को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआइसी केंद्र में आरंभ होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### कुरवाई में बेतवा घाट पर मगरमच्छ दिखा



**कुरवाई।** बेतवा नदी में लगातार बारिश होने के कारण नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। ऐसे में नदी में जलीय जीव इधर-उधर जा रहे हैं। रविवार को बेतवा नदी के बड़े पुल के पास एक बड़े मगरमच्छ को तैरते हुए देखा गया। जिसका लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। प्रशासन ने नदी किनारे मछली पकड़ने जाने वालों को और नदी में स्नान करने वालों को दूर रहने की सलाह दी है।

### भाजपाईयों ने डॉक्टर कलाम को दी श्रद्धांजलि

**विदिशा।** दुर्गानगर मंडल भाजपा द्वारा पूर्व राष्ट्रपति और 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. कलाम के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी वे अपने संकल्प पर अडिग रहे। दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने युवाओं से डॉ. कलाम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है और डॉ. कलाम का जीवन उनके लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर मंडल के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें दिनेश कुशवाह, पूर्व जनपद अध्यक्ष छत्रपाल शर्मा, महामंत्री राम प्रसाद पासी, सुनील साहू, सागर मीणा, विवेक सेंगर, राजेंद्र अहिरवार, राजू दांगी आदि मौजूद रहे।

## सुंदर खतरा: जो पहले अपनी ओर आकर्षित करता है फिर ले डूबता है

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ से लगभग 3 किमी दूरी पर प्राकृतिक सुंदरता का यह दृश्य मृगन्नाथ धाम के नाम से जाना जाता है। यह कई फीट ऊंचाई से पानी गिरता है। जंगलों से घिरे इस स्थल की प्राकृतिक छटा जितनी देखने लायक है उतनी ही खतरनाक भी है। रविवार को छुट्टी दिन होने के कारण यहां बड़ी संख्या में लोग मौज मस्ती के लिए पहुंच गए। भीड़भाड़ अधिक होने की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक उदयवीर सिंह गुर्जर, प्रमोद शर्मा मौके पर पहुंचे और मौज मस्ती कर रहे लोगों को समझाइश दी कि मौज मस्ती के चक्कर में जान जोखिम में न डालें। ऊंचाई पर न चढ़ें और ऐसे स्थानों पर न जाएं जहां खतरा अधिक हो।



**हैदरगढ़।** रविवार को विदिशा, रायसेन, सागर, भोपाल से बड़ी संख्या में पर्यटक मृगन्नाथ धाम के झरने का आनंद लेने और पिकनिक मनाने पहुंचे।

## खतरा मोल ले रहे ग्रामीण, उफनते नाले और रपटों से निकाल रहे वाहन

# उफनते नाले में बहा ट्रैक्टर, चालक ने कूदकर बचाई जान, क्रेन की मदद से बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। शनिवार शाम अमऊखेड़ी गांव और दीताखेड़ी के बीच स्थित एक पुलिया पर बड़ा हादसा टल गया।

एक ट्रैक्टर पानी के तेज बहाव में बह गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक तेज बहाव का अंदाजा नहीं लगा पाया। वह पुलिया पार करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पानी की तेज धार ने ट्रैक्टर को बहा दिया। ड्राइवर समय रहते कूद गया और उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर अमऊखेड़ी निवासी मनोज रघुवंशी का है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मोटे तार की मदद से ट्रैक्टर को बांध दिया। इससे वह पुलिया से नीचे लटककर अटक गया और पूरी तरह डूबने से बच गया। हालांकि कुछ लोग अभी भी उफनते नाले को पार करने का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें रोका और सतर्क किया। क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही चेतावनी जारी की थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान नदी-नालों के पास न जाएं। उन्होंने जलभराव या तेज बहाव वाले स्थानों को पार करने से बचने की सलाह दी है। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है।



**विदिशा।** नाले में फंसे ट्रैक्टर को क्रेन की मदद से पुलिया से बाहर निकाला गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई।

### चेतावनी के बाद भी मनमानी पर उतारू

पुल पुलियाओं और रपाटों पर पानी अधिक होने पर वाहन न निकलाने की चेतावनी के बाद भी ग्रामीण जान जोखिम में डालकर खतरा मोल ले रहे हैं। ऐसे में बड़ा हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन को ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई करना चाहिए तो इस तरह का खतरा मोल लेते हैं। ऐसे लोगों को देखकर दूसरे लोग भी अपनी जान जोखिम में डालने शुरू कर देते हैं।

# मुक्तिधाम और गौशालाओं को लेकर आज होगा मंथन

## जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी लेंगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम विकास को नई दिशा देने और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों की बेहतरी के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में आज दोपहर 1 बजे जिला पंचायत में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा।



इस बैठक में जनपद पंचायत विदिशा के सहायक यंत्री, उपयंत्री, सरपंच, ग्राम सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। बैठक का मुख्य फोकस ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांवों में मुक्तिधामों की स्थिति की व्यापक समीक्षा पर रहेगा। जिन ग्रामों में अब तक मुक्तिधाम का निर्माण नहीं हुआ है, जहां वे जर्जर अवस्था में हैं अथवा जिन स्थानों तक पहुंचने के मार्ग कष्टप्रद हैं, उन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में गौशालाओं की स्थिति, वहां तक पहुंच मार्ग, पेयजल और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा भी प्रमुख एजेंडे में शामिल है।

जिपं अध्यक्ष रघुवंशी ने बताया कि ये विषय केवल बुनियादी सुविधाओं से जुड़े नहीं हैं, बल्कि ग्रामों की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक संवेदनशीलता से भी सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने इन मुद्दों को पूर्व में भी विभिन्न सामान्य सभाओं और निरीक्षण दौरों में लगातार उठाया है।

अब इन विषयों पर एक समग्र कार्ययोजना तैयार कर, निर्धारित समय-सीमा में ठोस क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में यह बैठक आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि वे बैठक में पूरी तैयारी के साथ शामिल हों, ताकि जमीनी स्तर पर ठोस निर्णय लिया जा सके।

# मोबाइल पर गेम खेलते समय किशोरी को सांप ने डस लिया

## समय पर इलाज मिलने से बच गई किशोरी की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आमखेड़ा गांव में मोबाइल पर गेम खलते समय एक 15 साल की किशोरी को सांप ने डस लिया। उसे तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

कटनी जिले से आए 15 मजदूरों का दल 11 जुलाई को आमखेड़ा पहुंचा था, जो धान रोपाई के काम के लिए गांव आया है। इन्हीं मजदूरों के साथ 15 साल की किशोरी पार्वती चौधरी भी आई थी, जो 9वीं कक्षा की छात्रा है और अपने रिश्तेदार के साथ मजदूरी के लिए यहां आई थी। शनिवार को दिनभर खेतों में काम करने के बाद सभी मजदूर खलिहान में आराम कर रहे थे। इसी दौरान पार्वती मोबाइल में गेम खेल रही थी कि अचानक एक सांप ने बिल से निकलकर उसके पैर में डसा लिया। सांप के डसने से पार्वती जोर-जोर से चिल्लाने लगी। मजदूरों ने तुरंत किसान को सूचना दी और पार्वती को जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि किशोरी को लाने में देर हो जाती तो उसकी जान भी जा सकती थी।

### खैराई मुक्तिधाम की बदहाली बयां कर रही विकास की हकीकत



**विदिशा।** नटेरन जनपद की ग्राम पंचायत खैराई स्थित मुक्तिधाम बदहाली का शिकार है। यहां न टीन शेड है, न पक्की पहुंच मार्ग। बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। छत पूरी तरह टूट चुकी है और लोहे के ढांचे के अलावा कुछ नहीं बचा है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन सुधार के प्रयास नाकाफी रहे। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने इस विषय को प्रदेश सरकार तक पहुंचाया है। कुछ स्थानों पर सुधार कार्य शुरू हुए हैं। सीईओ ओपी सनोडिया ने आश्वासन दिया है कि खैराई मुक्तिधाम की व्यवस्था एक-दो दिन में दुरुस्त कर दी जाएगी।

## पहो पडरिया में नशीले पदार्थों का हो रहा कारोबार, युवा गिरफ्त में आ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- महंगे नशा खरीदने के लिए युवा करते है गलत काम।

नशे के खिलाफ पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चला रही है और युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जा रहा है।

दूसरे ओर पहो पड़रिया गांव में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े स्तर पर होने की जानकारी मिल रही है। सूत्र बातते हैं कि गांव में गांजा, ड्रग्स, टिकिट और चरस जैसे मादक पदार्थ भी बेचे जा रहे हैं। यह पुलिस यहां दबिश देती है तो भारी मात्रा में गांजा बरामद होने की भी बात सामने आई है। शहर से बड़ी संख्या में युवा यहां पहुंचकर इन नीशले पदार्थों को खरीदकर सेवन कर रहे हैं। महंगा नशा भी यहां बेचा जा रहा है। इसके एक डोज की कीमत 300 से 500 रुपए तक है। नशे के इंजेक्शन भी युवा यहीं से खरीद रहे हैं। इस मामले में एसपी रोहित काशवानी से संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

### विदिशा जिले में 25.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**विदिशा।** जिले में पिछले 24 घंटों में 25.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 577.6 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। गतवर्ष उक्त अवधि में 472.6 मिमी हुई थी। रविवार को सर्वाधिक वर्षा नटेरन तहसील में 44 मिमी और सबसे कम विदिशा तहसील में आठ मिमी दर्ज हुई है इसके अलावा बासौदा में 24.6 मिमी, कुरवाई में 16.2 मिमी, सिरोंज में नौ मिमी, लटेरी में 25.3 मिमी, ग्यारसपुर में 14 मिमी, गुलाबगंज में 42 मिमी, शमशाबाद में 40 मिमी तथा पठारी तहसील में 31 मिमी वर्षा दर्ज की गई हैं।

### करणी सेना प्रदेशाध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष हर्ष राजपूत को नियुक्ति पत्र सौंपा



**विदिशा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर शिव प्रताप सिंह चौहान का विदिशा आगमन हुआ। उन्होंने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हर्ष सिंह राजपूत को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कृष्णा गार्डन पर राजपूत समाज व सर्व समाज द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वह कपूर पेपरडाइज गार्डन पहुंचे। जहां करणी सेना के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर संगठन का विस्तार किया गया। विप्र समाज द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दशरथ सिंह राठौड़, बसंत सिंह बासौदा, शैलेंद्र सिंह टीला खेड़ी, राजाराम सिंह, गोविंद सिंह, गणपत सिंह पिथौली, जगदीश सिंह, सौरभ सिंह, श्यामवीर सिंह एवं अजीत सिकरवार मौजूद रहे।

## हिन्दू उत्सव समिति ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, महिला मंडल ने सुहाग सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर महिला मंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट किया। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी एवं अंजू मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवगठित महिला मंडल के पदाधिकारियों को समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा एवं महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति सिद्धार्थ जैन नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर महिला मंडल की महामंत्री अनामिका पचौरी, भारती श्रीवास्तव, कुसुम मीना, कल्पना शर्मा, नीलम राजपूत, निधि सिकरवार उपस्थित रहीं।



**विदिशा।** नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते समिति अध्यक्ष।

### साहू समाज मंदिर में महिलाओं ने मनाया पर्व

**कुरवाई।** हरियाली तीज के अवसर पर शिव मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रुद्राभिषेक से हुई। मंदिर को फूलों, वंदनवारों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। महिलाओं ने गीत-संगीत, झूला झूलना और मेहंदी रचाने की परंपरागत रस्में निभाईं। मंदिर प्रांगण में झूले लगाए गए थे, जिन पर महिलाएं लोकगीतों के साथ झूमती नजर आईं। स्थानीय कलाकारों ने हरियाली तीज से जुड़ी भजन संध्या एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किए। समापन पर पुजारी आचार्य अशोक महाराज ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष मनाने का आग्रह किया।

## झीलकुआं शिवालय से निकली कांवड़ यात्रा, भक्ति से सराबोर दिखीं महिलाएं

# कांवड़ यात्रा में गूंजे 'बम बम भोले' के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सावन माह में आस्था की बयार एक बार फिर झील कुआं हनुमान मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा के रूप में बही। रविवार को वार्ड 9 स्थित शिवालय से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी के बड़वाले घाट से जल भरकर झील कुआं मंदिर लौटकर शिवलिंग पर अभिषेक किया।

दोपहर 12 बजे पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते भर महिलाएं नृत्य करती रहीं और बोल बम के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। एक घंटे की पदयात्रा के बाद सभी श्रद्धालु बड़वाले घाट पहुंचे, जहां मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा की गई और सामूहिक आरती के साथ जयघोष किए गए। इसके उपरांत महिलाओं ने अपनी-अपनी कांवड़ में पवित्र जल भरा और फिर शिवालय की ओर लौट चलीं।

मंदिर पहुंचकर सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया, बेलपत्र अर्पित किए और भव्य आरती में भाग लिया। आरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी सम्मिलित हुए। झील कुआं मंदिर आयोजन समिति अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह और मंदिर के पुजारी राजू महाराज ने बताया कि बीते पांच वर्षों से यह कांवड़ यात्रा सावन माह में आयोजित की जा रही है। कावड़ यात्रा में पुरुषोत्तम महाराज, पूर्व पार्षद सुरेश मालवीय, अमित सोनी, हेमराज कुशवाह, सतीश रैकवार, संतोष मेहर, प्रहलाद रैकवार, संतोष कुशवाह, प्रकाश, शुभम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



**विदिशा।** कांवड यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### मंदिर में होता है दिव्य शांति का अनुभव

झील कुआं स्थित यह हनुमान मंदिर विगत 12 वर्षों से अधूरा पड़ा है। यहां हनुमान जी की प्रतिमा मंदिर के भू-तल पर एक मंजिला नीचे स्थित है। जहां प्रवेश करते ही भक्तों को दिव्य शांति का अनुभव होता है। वहीं ऊपरी मंजिल पर राम-जानकी मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें क्षेत्रवासी तन-मन-धन से सहयोग कर रहे हैं। हर वर्ष हनुमान जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।

### जयकारों के साथ निकली कांवड़ यात्रा



**नटेरन।** ग्राम सेऊ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा ग्राम सेऊ से बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के लिए रवाना हुई। सुबह 7 बजे कावड़िए श्री साकेत हनुमान मंदिर से जल भरकर ढोल नगाड़ों के साथ ग्राम के चौक चौराह से होती हुई पमारिया की ओर निकली। पमरिया चौराह पर पुष्प वर्षा कर सभी ने स्वागत किया। यह यात्रा रात्रि 9 बजे महामाई मंदिर पहुंची। वहां पर सभी कावड़ियों ने रात्रि विश्राम किया। आज सुबह यह यात्रा देवपुर के लिए रवाना होगी।

### स्वदेशी जागरण मंच का प्रशिक्षण वर्ग लगा

**विदिशा।** स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान का जिला स्तरीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र संगठन मंत्री केशव दुबौलिया, जिला सहसंघ चालक रामकिशोर अग्रवाल, एस.ए.टी.आई. कॉलेज संचालक योगेंद्र जैन, उद्योगपति दुष्यंत जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति शाह एवं विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत मंचासीन रहे। केशव दुबौलिया ने स्वदेशी को राष्ट्रनिर्माण का ब्रह्मास्त्र बताया और युवाओं से रोजगार के बजाय उद्यमिता की ओर बढ़ने का आह्वान किया। तीन सत्रों में विचार, चर्चा और कार्ययोजना पर फोकस रहा। स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी व पुस्तक बिक्री भी की गई। बड़ी संख्या में उद्यमी, व्यापारी, समाजसेवी एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कुत्तों ने किया मोर का शिकार



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम थनवाय में गत दिवस आवारा कुत्तों ने मोर को अपना शिकार बना लिया। ज्ञात हो कि ग्राम थनवाय में पिछले कई महीनो से हिंसक आवारा कुत्तों द्वारा लगातार मवेशियों को अपना शिकार बनाया जा रहा है। आवारा कुत्ते इतने हिंसक हो चुके हैं कि मवेशियों के बछड़ों को घर में घुसकर अपना शिकार बना लेते हैं। ग्राम के राजकुमार राजपूत द्वारा बताया गया कि मोर का शिकार तीन कुत्तों द्वारा किया गया जब तक ग्रामीण उसे बचाने पहुंचते तब तक कुत्ते वहां से भाग गए थे। वहीं सरदार सिंह का कहना है कि हमारे घर के बाहर बरामदे में गाय के बछड़े को भी इन सब कुत्तों ने अपना शिकार बनाने की कोशिश की थी। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द से जल्द इस समस्या का शासन प्रशासन द्वारा समाधान किया जाए।

## केंद्रीय मंत्री से की मंगल भवन की मांग



**गंजबासौदा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष समीर किरमानी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र देकर शहर गंज बासौदा मे मुस्लिम समाज के लिऐ शादी हाल मंगल भवन की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि मुस्लिम समाज के पास कोई शादी हाल धर्मशाला नहीं है जिससे समाज के लोगों एवं समाज के गरीब वर्ग को शादी समारोह आदि कार्यक्रमों के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। शासन द्वारा अन्य समाजों के लिए शादी हाल धर्मशाला के लिए शासकीय भूमि प्रदान की गई है, लेकिन मुस्लिम समाज को अभी तक कोई जगह नहीं दी गई है। इसलिए सकल मुस्लिम समाज के लिए शादी हाल धर्मशाला हेतू शासकीय भूमि आवंटित कराने की कृपा करें। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उनको शीघ्र ही शहर गंज बासौदा के मुस्लिम समाज के लिऐ शादी हाल स्वीकृत करने का आश्वासन दिया।

## बासौदा में हुई 24 मिमी बारिश

**गंजबासौदा।** तहसील के वर्षामापी यंत्र पर शनिवार की सुबह से लेकर रविवार की सुबह सात बजे तक 24.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश को मिलाकर अभी तक इलाके में 472.5 मिमी पानी बरस चुका है। यहां उल्लेखनीय है कि तहसील की औसत बारिश 1 हजार मिमी है। इस लिहाज से अभी इलाके में औसत से आधी बारिश भी नहीं हुई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने शासकीय अस्पताल में किया कार्यक्रम

# फल वितरण कर मनाई मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय मे मरीजो और उनके परिजन व चिकित्सालय स्टाफ को फल वितरण किये। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी ,मनोज यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष समीर किरमानी, बारी भाई शहर काजी, सलीम मास्टर,अकील खान, अजीज सिद्दीकी, जावेद कुरेशी, मुस्लिम समाज अध्यक्ष फेज हैदर नकवी, मेहबूब मंसूरी, नूरी भाई, अमन खान, जिला उपाध्यक्ष हलीम भाई, रफीक भाई साहेब किरमानी, सलीम भाई, रूपेंद्र शर्मा गुड्डा, डॉक्टर बाबूराम सचान, संजय रघुवंशी, राजू रैकवार, लखन अहिरवार, दयाराम अहिरवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इन सभी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम को श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश हित में उनके योगदान को स्मरण किया। उधर शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम को पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने डॉ कलाम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सदी का महानायक बताया। इस अवसर पर वाचनालय पाठक संघ के सभी सदस्यों ने डॉ कलाम को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उधर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के डा एपीजे अब्दुल कलाम यूथ अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभाओं का सम्मान किया। इसके तहत सेमरी में ग्रामीण प्रतिभावान युवाओं ,विद्यार्थियों व बच्चों को मेडल पहनाकर कलम पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल शहीदो को भी याद किया गया व कलाम साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में तन मन धन सर्वस्व अर्पित करने का आह्वान युवाओं से किया। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने युवाओं के कैरियर संबंधी प्रश्नो के उत्तर दिए व पुलिस सेना मे कैसे जाए पर विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने हरियाली अमावस्या, कारगिल विजय दिवस व डा एपीजे अब्दुल कलाम के विषय मे विस्तार से बताकर सबका मार्गदर्शन किया। साथ ही राष्ट्र सेवा के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यो की सराहना की । इस अवसर पर शिक्षाविद वरिष्ठ शिक्षक सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पं सतीश शर्मा का शाल श्रीफल व पुष्प मालाओ से अभिनंदन कर उनके गौरवशाली कार्य काल पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर फेरन सिंह लोधी, जगपाल सिंह लोधी, सैयद अशफ़ाक़ अली, हल्के भैया सहित मंच के पदाधिकारी गण, ग्रामीण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कुरवाई वाटर वर्क्स के पास मिला महिला का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत शुक्रवार को बेतवा नदी के गंज पुल पर पार्थिव शिवलिंग विसर्जन करने पहुंची करीब 45 वर्षीय राजकुमारी दांगी अनियंत्रित होकर उफनती बेतवा नदी में जा गिरी थीं। जिनका शव रविवार को होमगार्ड जवानों एवं एसडीईआरएफ दल को कुरवाई वाटर वर्क्स के पास मिला। शव को परीक्षण के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और मर्ग कायम कर लिया है।

प्र‌ाप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुरदों हाल मुकाम बरेठ रोड गंजबासौदा निवासी स्व जसवंत सिंह दांगी की पत्नी 45 वर्षीय राजकुमारी दांगी गत शुक्रवार की शाम को अपने परिजनों के साथ बेतवा नदी के गंज पुल से पार्थिव शिवलिंग विसर्जन करने पहुंचीं थीं। तभी अनियंत्रित होकर पुल से नदी में जा गिरी थीं। उनके पीछे ही एक युवक भी उन्हें बचाने कूद गया था, लेकिन तेज बहाव के कारण वह उन्हें पकड़ ही नहीं सका। इस बीच महिला तेज बहाव में दूर तक बहती चली गई थीं। बाद में प्रशासन ने ग्रामीणों, एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवानों के साथ बोट से महिला की तलाश का अभियान चला रखा था। आज सुबह कुरवाई की ओर से तलाश करते आ रहे दल को कुरवाई वाटर वर्क्स के पास नदी किनारे महिला का शव बरामद हुआ। जिसे निकालकर परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और मर्ग कायम किया गया।


# आध्यात्मिक ज्ञान व ध्यान से मानसिक शांति का अनुभव होता है: ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा सावन के पावन मास में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सभी माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आध्यात्मिक शक्ति की आज सारे संसार में अत्यधिक आवश्यकता है। वर्तमान में लोग बहुत ही मेहनती, कर्मठ एवं नियमों के पक्के है परंतु मानसिक रूप से शांति एवं सुकून की तलाश में है। जैसे ही इस आध्यात्मिक ज्ञान के प्रकाश की एक बूंद भी उन्हें मिलती है तो बहुत ही खुशी से वे इसे स्वीकार कर जीवन में परिवर्तन लाना शुरू कर देते हैं एवं मानसिक शांति की अनुभूति करते हैं। बहुत व्यस्तता के चलते कुछ क्षण भी जब उन्हें इस आध्यात्मिक ज्ञान एवं ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति का अनुभव होता है तो वह महसूस करते हैं कि बहुत समय के लिए उनके मन का सशक्तिकरण हो गया हो और जैसे उनका मन भी चार्ज हो गया। परमात्मा शिव के ऊपर विकारों (काम, क्रोध, लोभ, मोह अहंकार) रूपी धतूरा, व्यसन रूपी भांग, कुदृष्टि रूपी आक के फूल तथा बैर-विरोध रूपी बेर को सदा के लिए अर्पित कर दें और उनसे प्राप्त सुख, शांति, शक्ति एवं वरदानों का जीवन में नित्य अनुभव करें। वास्तव में सावन मास में मनुष्य अपने जीवन को श्रेष्ठ चरित्रवान बना सकते हैं ओर संपूर्ण धरती स्वर्ग बन सकती है। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कलयुग के अंतिम चरण में जब मनुष्य धर्म भ्रष्ट और कर्म भ्रष्ट होकर तुच्छ बुद्धि बन जाता है तब परमात्मा शिव संसार के कल्याण हेतु सभी मनुष्य आत्माओं के दुख दर्द, चिंता अशांति और विकारों से मुक्त करने के लिए ज्ञान की ज्योत और पवित्रता की किरणों को बिखेरते हैं और ऐसे सुखमय संसार की पुनः स्थापना करते हैं जिसको नई सतयुगी दुनिया कहा जाता है। इस अवसर पर दीदी ने शिव परमपिता परमात्मा भोलेनाथ की अपरंपार महिमा की उन्होंने कहा कि वह विश्व कल्याणकारी है, दुख हर्ता सुख कर्ता है, सबकी बिगड़ी को बनाने वाला है उनको सोमनाथ, अमरनाथ, विश्वनाथ, पशुपतिनाथ अनेक नाम से याद किया गया है। 12 ज्योतिर्लिंग के रूप में पूरी दुनिया में उनकी पूजा की जाती है। तो ऐसे शिव भोलेनाथ को हमें बड़े प्यार से याद करना चाहिए। रानी दुबे ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि नकारात्मक भावनाएं तुलनात्मक व्यवहार एवं दृष्टिकोण तथा ईर्ष्या द्वेष आदि के कारण मैं तनाव महसूस करती थी परंतु जब से उन्होंने इस आध्यात्मिक ज्ञान का प्रयोग जीवन में करना शुरू किया तो महसूस किया कि इस ज्ञान से उन्हें मानसिक शांति एवं आंतरिक शक्ति का अनुभव होता है। साथ ही वह हर परिस्थिति को सहज पार करने में स्वयं को सक्षम महसूस करती है। अधिक संख्या में माता बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# उदयपुर के प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी, पुलिस जांच में जुटी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से करीब 16 किलोमीटर दूर उदयपुर के नीलकंठेश्वर मंदिर में बीती रात अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोडकर दान पेटी से दान राशि चुरा ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी शिखा भलावी, टीआई संजय बेदिया सहित पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और घटना की जांच पडताल की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उदयपुर में 11 वीं शताब्दी का परमार कालीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यह मंदिर क्षेत्र भर में शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन है और यहां गांव के ही एक ब्राह्मण परिवार के सदस्य पुजारी हैं।

बीती रात अज्ञात चोरों ने इस मंदिर के ताले तोडकर अंदर प्रवेश किया और वहां मुख्य मंडप में रखी दानपेटी को तोडकर उसमें रखी दानराशि चुरा ले गए। हांलाकि मंदिर में सीसी टीवी कैमरे भी लगे हैं, लेकिन वे बंद पाए गए। जिससे चोरों की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीओपी शिखा भलावी, टीआई संजय बेदिया भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पडताल शुरू की। इस संबंध में कोतवाली टीआई संजय बेदिया का कहना है कि चोरी के मामले में जांच की जा रही है।

## सभी लिंगों में पार्थिव शिवलिंग सर्वश्रेष्ठ है: पं धर्मेंद्र भार्गव




गंजबासौदा। पुरानी नगर पालिका के पीछे श्री जटाशंकर विश्वनाथ मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस में पार्थिव शिवलिंग पूजन का महात्म्य सुनाते हुए पं. धर्मेन्द्र भार्गव जी कहा सूतजी कहते है में आप लोगों की भक्ति तथा आदर से प्रसन्न हो कर शिवजी के पार्थिव लिंग की महिमा कहता हूँ सभी लिंगो में पार्थिव लिंग सर्वश्रेष्ठ है बिष्णु , प्रजापति ब्रम्हा एवं त्रषिगणभी पार्थिव लिंग का पूजन कर अपना मनोरथ पूर्ण किये है। देवता, असुर, गंधर्व मनुष्य आदि भी पार्थिव पूजन के प्रभाव से सिद्धि को प्राप्त हुए सतयुग में रत्नलिंग त्रेता में स्वर्ण लिंग द्वापर में पारे का लिंग और कलियुग में पार्थिवलिंग श्रेष्ठ कहा गया है। पार्थिव लिंग स्वयम अपने द्वारा निर्मित कर पूजी जाती है इसलिए यह उत्तम तप है जिस प्रकार सब व्रतों मै शिवरात्री श्रेष्ठ है शक्तियों में शैवी पराशक्ति श्रेष्ठ है जिस प्रकार सभी देवताओं में महेश्वर, सभी नदियों में गंगा जी श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार सभी लिंगो में पार्थिव लिंग श्रेष्ठ है। इनकी आराधना महापुण्य दायक , धन तथा आयु को बढाने वाला लक्ष्मी को देने वाला तथा कार्य सिद्ध करने वाला है भक्ति तथा श्रद्धा से युक्त हो पार्थिव शिवलिंग की पूजन करता है वह इस लोक में धनवान, श्रीमान होकर अन्त में रुद्र को प्राप्त करता है।

## बिना लाइसेंस कीटनाशक विक्रय पर एफआईआर के लिए दिया आवेदन



गंजबासौदा। बासौदा विकासखंड में कीटनाशक, उर्वरक, बीज निरीक्षक रूपेश बघेल द्वारा कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें ग्राम पिपरिया जमीदार में हब्बू खान बिना लाइसेंस के कीटनाशक विक्रय करते हुए पाया गया। जिसके पास कोई भी लाइसेंस, दस्तावेज नहीं थे। जिस पर उसके खिलाफ 1968 के आवश्यक वस्तु अधिनियम धारा 1955 के तहत पुलिस थाना त्योंदा में एफआईआर के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मौके पर पंचनामा बना कर कीटनाशक विक्रय प्रतिबंध जब्तीनामा तैयार कर मौके पर मिलीं कीटनाशक एवं सामग्री को जब्त कर सहकारी समिति घटेरा प्रबंधक बाबूलाल कुशवाह को सुपुर्द किया गया। इस दौरान उपसंचालक कृषि के एस खपेड़िया , सहायक संचालक कृषि महेंद्र सिंह ठाकुर, कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य और विकासखंड बासौदा प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर भी उपस्थित रहे।

### वेदांत आश्रम में चल रहा है मासिक पार्थिव शिवलिंग पूजन

# हरियाली तीज पर हुआ भजन संध्या का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदान्ती जी महाराज द्वारा स्थापित वेदान्त आश्रम में चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग अभिषेक पूजन अर्चन के महामहोत्सव में रविवार को मुख्य यजमान सौरभ मोनिका सुहाने, रामनिवास मूंदड़ा व रामअवतार मूंदड़ा द्वारा पूजन संपन्न किया गया। आश्रम में आयोजित पंच दिवसीय झूलन महोत्सव के चतुर्थ दिवस रविवार को हरियाली तीज पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। वेदांत आश्रम में सावन के पावन मौके पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है जिसमें अलग-अलग यजमानों के द्वारा पूजन संपन्न कराई जाती है। आश्रम में अध्ययनरत वेदपाठी बटुक विद्यार्थियों के द्वारा भगवान शंकर की पार्थिव शिवलिंग का शुक्लयजुर्वेद के मंत्रों से पृथक पृथक पूजन एवं शुक्लयजुर्वेद में भगवान शिव को समर्पित विशेष मंत्र जिन्हें रुद्राष्टाध्यायी के नाम से जाना जाता है। ऐसे दिव्य मंत्रों के सस्वर पाठ से भगवान का रुद्राभिषेक नित्य संपन्न कराया जा रहा है। हरियाली महोत्सव पर आयोजित शिवलिंग पूजन निर्माण के यजमान गणेशराम रघुवंशी ने सपरिवार मनकामेश्वर महादेव का भव्य एकादशनी रुद्राभिषेक किया। शिवपूजन के दौरान आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने बताया कि कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र 'मंडप ऋषि' ने पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया था। शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र की प्राप्ति होती है। वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुःखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। भगवान श्री राम ने भी लंका पर विजय पाने व रावण के साथ युद्ध करने से पहले पार्थिव शिवलिंग की पूजा की थी। श्री राम द्वारा इस पूजा को करने के बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। न्याय के देवता शनिदेव ने भी सूर्य से अधिक शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान महादेव की पूजा की थी। पार्थिव पूजन से सभी मनोकामनाएं जैसे कि धन, धान्य, संतान, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती हैं, यह पूजा अकाल मृत्यु के भय को दूर करती है और मानसिक और शारीरिक कष्टों से छुटकारा दिलाती है।

## कारगिल विजय दिवस मनाया गया




गंजबासौदा। वाचनालय पाठक संघ द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमे वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा की इस युद्ध में 527 जवानों ने अपने प्राणो का बलिदान दिया था वही दूसरी और 1427से अधिक सैनिक घायल हुए। यह युद्ध 60दिन चला। इस अवसर पर विजय अरोरा, पूर्व पार्षद चंदूलाल अग्रवाल, गोपाल सिंह ठाकुर ,राममनोहर ठाकुर, दीपक तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार माना। इस अवसर पर कैलाश नेमा, बबलू राय एवं टीपू सोलंकी सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। अंत में सभी लोगों ने दो मिनिट का मोन धारण कर शहीदो को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

# एनाउंस हुआ प्लेटफार्म 4 का, ट्रेन आई दूसरे प्लेटफार्म पर, हो सकता था बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रबंधन द्वारा काफी जोखिम भरी लापरवाही बरती जा रही है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ। रेलवे स्टेशन पर बीना से भोपाल जाने वाली मेमो ट्रेन के आने का संकेत हुआ और ट्रेन के 4 नंबर प्लेटफार्म पर आने की घोषणा कर दी गई। जिससे सभी यात्री प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर जा पहुंचे, लेकिन जब ट्रेन आई तो वह प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर आ गई। ऐसे में इस ट्रेन से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, उन्हें काफी जोखिम उठाते हुए अचानक से प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर आना पडा। ऐसे में उन्हें रैलिंग एवं पटरी पार भी करना पडी। यात्री कूद कूद कर तीन नंबर की ओर भागे जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस हडबडी में कोई गंभीर हादसा भी हो सकता था। प्रत्यक्ष दर्शी विदिशा निवासी शाहिद अहमद ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 4 पर आने का संकेत हुआ था लेकिन यह गाड़ी प्लेटफार्म नंबर तीन पर आ गई। यह पहली बार नहीं हुआ है, ऐसा आए दिन यहां होता रहता है।

आवश्यकता है
सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नर्सिंग स्टाफ एवं मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति संपर्क करे
पताः- सिटी सेंटर कॉलोनी, पचमा बाईपास रोड गंज बासौदा
मोबाइल नंबरः-
9479915485,6261117207

खबर संक्षेप



## सितंबर-अक्टूबर माह में होगा नेशनल फुटबॉल ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन

**सिरोंज।** हमारा सिरोंज ग्रुप द्वारा सितंबर-अक्टूबर माह में हाई स्कूल के ग्राउंड में पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा नेशनल फुटबॉल ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को हाई स्कूल ग्राउंड में सिल्वर ग्रीन 11 से सिरोंज की टीम एवं डी एन सी 11 राघोगढ़ के बीच फुटबॉल का बेहतरीन मुकाबला हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हमारा सिरोंज ग्रुप के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। साथ ही शासकीय सीएम राईज विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार,शान मियां,हिवजान पहलवान,गुलफाम शाह खान आदि उपास्थित रहें। इस मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट की चर्चा करते हुए तोषमणी पंथी कन्ना ने बताया कि इस ग्राउन्ड पर एक दशक पहले स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा बड़े-बड़े फुटबॉल के आयोजन कराए जाते थे। वह पिछले एक दशक से लगभग बंद है और अब हम बहुत जल्दी पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में नेशनल फुटबॉल ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहे हैं। जिसमें देशभर से बड़ी-बड़ी टीमे भाग लेंगी और हमारे पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा को हम याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा कराए गए कार्यों को हम आगे बढ़ाएंगे।

### करखेड़ी की हरियाली यात्रा में महिलाओं को मिला पौधा, लिया संरक्षण का संकल्प

# हर महिला एक पौधा पाले तो हरियाली से भर जाएगा पूरा देश: निशा रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम बमौरीशाला सेक्टर के ग्राम कर्राखेड़ी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य निशा रघुवंशी, विशेष अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता भगत सिंह रघुवंशी,जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी,सरपंच प्रतिनिधि भवानी सिंह पटेल मंचासीन रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निशा रघुवंशी ने अपने वक्तव्य में हरियाली यात्रा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी




आवश्यकता है। हर महिला अगर एक पौधे को अपने बच्चे की तरह सींचे, तो हमारा गांव, क्षेत्र और अंततः पूरा देश हरियाली की मिसाल बन सकता है। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य भी ग्रामीणों को सशक्त एवं जागरूक बनाना है। भाजपा नेता भगत सिंह रघुवंशी ने वृक्षारोपण को जीवन से जोड़ते हुए सभी से हरियाली अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा पेड़-पौधे न केवल हमें जीवन देते हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा भी हैं। मैं नवांकुर संस्था एवं जन अभियान परिषद को बधाई देता हूं, जो इस तरह के आयोजन कर समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने जन अभियान परिषद की नवांकुर सखी योजना एवं हरियाली यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम के अंत में सामूहिक पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राधारमण कुर्मी द्वारा किया गया। समिति सचिव कपिल कुर्मी, पंचायत सचिव संतोष कुर्मी, रानी पटेल, शिवराज सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रचना कुर्मी, रेखा चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुषजन उपस्थित रहे।

### महिलाओं को वितरित किए गए पौधे

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम के अंत में तीन दर्जन से अधिक महिलाओं को एक-एक पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान गांव की गलियों में कलश यात्रा और पौधों के साथ हरियाली यात्रा निकाली गई। जिसने पूरे गांव का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कलश लेकर चल रही थीं और उनके साथ छोटे बच्चे भी पौधों के साथ शामिल थे। इस पहल ने ग्रामीणों में पर्यावरण के महत्व को समझने और हरित जीवनशैली अपनाने की भावना को प्रोत्साहित किया।

### सीएम राईज में जागरुकता

## नशा शरीर व भविष्य को करता है कमजोर: एसडीओपी सोनू डाबर




**सिरोंज।** नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय सीएम राईज विद्यालय में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस एसडीओपी सोनू डाबर,थाना प्रभारी पंकज गीते,सीएम राईज विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार सहित शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देने हेतु नुक्कड़ नाटक, हस्ताक्षर अभियान और नशा मुक्ति शपथ समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही रंगोली, निबंध, तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों को नशा विरोधी संदेशों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति का अवसर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

### यह जहर है, फैशन नहीं

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे ह्लनशा मुक्ति अभियानह्व के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तो वही कार्यक्रम में बच्चों ने निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से नशा मुक्त भारत के अपने सपने को रंगों और शब्दों में प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार और सभी शिक्षकगण ने छात्रों को प्रेरित किया गया। एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर ने कहा कि नशा सिर्फ शरीर नहीं, भविष्य को भी कमजोर करता है। वही उन्होने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि नशा कोई फैशन नहीं, ये ज़हर है, इससे दूर रहना ही समझदारी है।

### दिव्य देशना महिला मंडल के 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन

## भक्ति ही जीवन का सार, भगवान बनाने की कला व भक्त की परीक्षा



**सिरोंज।** श्री दिगम्बर जैन बडें मंदिर में दिव्य देशना महिला मण्डल द्वारा 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन किया जा रहा है। तो वही शांति विधान के बारे जैन मंदिर में बताया गया कि भक्तिह्ल का अर्थ है भगवान के प्रति प्रेम, समर्पण और श्रद्धा की भावना। यह एक गहन आध्यात्मिक संबंध है जो भक्त को ईश्वर के करीब लाता है। भक्ति जीवन का सार है भक्ति जीवन की आधारशिला है भक्ति भक्त से भगवान बनाने की कला है भक्ति भक्त की परीक्षा है। यह भक्ति के नौ प्रकार हैं: श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन आदि है। शुक्ल पक्ष में 16 दिनों तक श्री शांतिनाथ विधान अत्यंत फलदायी होता है। यह विधान आत्मिक शुद्धि, आर्थिक उन्नति और जीवन की समस्त बाधाओं से मुक्ति का मार्ग प्रदान करता है।

## डॉक्टरों ने स्कूली बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए फल सब्जियां आदि का सेवन करने के लिए दी सलाह

### आपातकाल में खुद को कैसे सुरक्षित रखें डॉ भार्गव ने जागरुकता में बताया

**सिरोंज।** किरण फाउंडेशन के द्वारा देहदान,अंगदान और सीपीआर ट्रेंनिंग के साथ आपातकालीन स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखा जाए। इस संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर में आयोजित किया गया। जिसमें किरण फाउंडेशन के सचिव डॉक्टर राकेश भार्गव द्वारा अंगदान पर जानकारी देते हुए कहा कि किस तरह एक ब्रेन डेड मरीज आठ व्यक्तियों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। किरण फाउंडेशन के सदस्य राजेश कुमार जैन



ने देहदान के साथ नेत्रदान पर भी जानकारी प्रदान की। तो वही किरण फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा सीपीआर के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि अचानक हृदय आघात एवं दुर्घटना होने पर हम लोगों का जीवन कैसे बचा सकते। इस मौके पर लाइव डेमो ओर वीडियो के माध्यम से बताया गया कि दैनिक जीवन में होने वाली दुर्घटनाओं जैसे,फैक्चर,डॉग बाइट,करेंट,सांप काटने पर उपचार आदि के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें डॉ राकेश भार्गव ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए फल, सब्जियां, अनाज, दालें व डेयरी उत्पादों का सेवन करना चाहिए।

## मंडी टैक्स चोरी रोकने सक्रिय हुई टीम, 8 वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कृषि उपज मंडी के अन्तर्गत खरगोन एवं बाड़ी दो उपमंडी भी है। जिले की सबसे बडी कृषि उपज मंडी क्षेत्र में लगभग सवा दौ सौ ग्राम एवं लाखो एकड़ कृषि भूमि आती है। पिछले अनेक वर्षो से क्षेत्र के अधिकांश किसान वर्ष में तीन फसलों के साथ सब्जियों का भारी उत्पादन भी कर रहे है। थोक में सब्जी की नीलामी मंडी के परिसर में प्रतिदिन होती है।

खरगोन उपमंडी कभी चालू कभी बंद हो जाती है। बाड़ी उपमंडी का अभी तक भूमि न मिलने के कारण निर्माण ही नहीं हुआ। इसी कारण क्षेत्र के बडे ग्रामों में मंडी से बाहर कृषि उपजों की बेखौफ खरीद फरोख्त व्यापार में मंडी टेक्स चोरी व्यापक स्तर पर होती रहती है। व्यापारियों द्वारा गांव-गांव में किसानों से उपज खरीद कर पिपरिया या अन्य मंडियो में ले जकर



बैंचने में बरेली मंडी को टेक्स की भारी हानि प्रतिदिन उठाना पड़ती है।

मंडी के निरीक्षण दल द्वारा पिपरिया मार्ग पर 8 वाहनों की अचानक चैकिंग की गई। इन वाहनों में बिना मंडी टेक्स चुकायें, गेंहू, चना, तुअर ले जा रहे थे। कृषि उपज का अनुज्ञा पत्र न मिलने पर पंचनामा तैयार कर 35 हजार मंडी शुल्क और 6 हजार से अधिक निराश्रित शुल्क की वसूली गई।

संभवतः मंडी की टीम द्वारा पहली बार अनाज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। नियमित वाहनों की चैकिंग की जाए तो लाखो की टेक्स चोरी रोक सकते है।

## छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ मनाया स्कूल का 17वां स्थापना दिवस

**बरेली।** नगर के प्रतिष्ठित, सम्मानित नाहर परिवार द्वारा शिक्षा की ज्योति संस्कारों की परंपरा और छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए 17 वर्षो पूर्व श्री मानिक लाल नाहर स्कूल प्रारंभ किया गया था। नाहर स्कूल के स्थापना दिवस पर विद्यालय में गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना नाहर, संरक्षण अजय नाहर के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राचार्य अरूणेश मिश्रा, नीलेश शर्मा एवं छात्र-छात्राओं की भारी उपस्थिति रही।

विद्यालय में पूर्व में चुनाव सम्पन्न हुए। केप्टन, हाउस मिनिस्टर, स्पोट मिनिस्टर, कल्चर मिनिस्टर, डिसीपिलिप मिनिस्टर पद पर विजयी छात्र-छात्राओं को विद्यालय में अनुशासन सेवा, संस्कार, समपर्ण के साथ अपने-अपने दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाने के साथ प्रमाण पत्रों का वितरण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## नर्मदा क्षेत्र और नगर में रात में हुई झमाझम बारिश, नदियां उफान पर

### कम बारिश और कम पानी आवक से बारना बांध के गेट किए बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले 5 दिनों से नर्मदा क्षेत्र में प्रतिदिन झमाझम बारिश होने से चहुओर पानी नजर आ रहा है। नदी नालों में पानी उफान मार रहा है। वही नर्मदा मैया का जल स्तर भी बढ़ता जा रहा है। बाड़ी स्थित बारना बांध के खोले गए गेट रविवार की सुबह बंद कर दिए गए।

लगातार बारिश से बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों का निरंतर जल स्तर बढ़ रहा है। रविवार को आसमान में वर्षा वाले बादलों का आसमान में डेरा बना रहा, परंतु कभी हल्की और कभी फौहारों वाली बारिश के कारण राहत की स्थिति बनी रही। परंतु शनिवार की रात में रात भर जोरदार बारिश हुई। सीजन में पहली बार निवासियों को




तेज हवाओं के साथ तूफानी बारिश देखने को मिली।

### निचले हिस्सों में भरा पानी

शनिवार की शाम को अचानक तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। शाम का अंधेरा होते ही नगर की सडक़ो बाजारों में सन्नाटा छा गया। झमाझम जोरदार बारिश का सिलसिला घंटो चलता रहा, जो जहॉ था वही रूक कर बारिश थमनें कम होने का इंतजार करता रहा। बारिश से नगर की सडक़ो निचले हिस्सों और मकानों तक में पानी आ जाने की स्थिति उत्पन्न हो गई। रात में हुई भारी बारिश से नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया। बारिश और पानी की अधिकता के कारण ग्रामों के निचले हिस्सों, पुल पुलियों पर पानी आने से गआवागमन भी बाधित बना रहा।

## नगर की सड़कों बड़ा बाजार में 'अतिक्रमण' की भरमार

### ट्रक की चपेट में आई बाइक, टला हादसा



◆ अतिक्रमण से सकरे हुए मार्गो पर ट्रकों चार पहिया वाहनों के आवागमन से जाम, विवाद की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के बीचों बीच से निकले पुराने एनएच-12 मार्ग से ही नगर प्रवेश के लिए 4-5 मुख्य मार्ग जुडे हुए है। सभी प्रमुख मार्गो के साथ बडा बाजार, सब्जी मंडी के आसपास, छोटा बाजार में सडक़ो, हाथ ढेला और दुकानों के सामान बाहर तक फैला रहने से 20-25 फिट चौडी सडक़े दिन में गलियों में तब्दील हो जाती है। सडक़ो के किनारें बीचों बीच फल, सब्जी बैंचने के हाथ ढेला खडे रहने के साथ जहॉ स्थान मिला दुकानें लगा कर अतिक्रमण की अधिकता में सुरक्षित ढगं से दो पहिया वाहन तो क्या महिलाओं, बच्चों, बुजूर्गो का पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहता है।

दिन में चाहे जब सामान से भरे ट्रक, चार पहिया वाहन, पिकअप वाहनों की भीड भाड वाले मार्गो बडा बाजार, छोटे बाजार में प्रवेश और घंटो खडे रहते है। बडा बाजार में एक सामाने से भरे ट्राला के अचानक पीछे आ जाने से बाइक चपेट में आ गई। गनीमत रही कि ट्रक दुकानों में नहीं घुसा अन्यथा बडी घटना हो सकती थी।

### अतिक्रमण से जाम विवाद की स्थिति

*नगर की सभी प्रमुख सड़कों पावर हाउस रोड, टाकीज रोड, कन्याशाला रोड, छोटा बाजार मार्ग, सब्जी मंडी के आसपास, कमानियां गेट के आसपास, आयुर्वेदिक औषधालय के सामने और जैन मंदिर रोड पर सडक़ो पर हाथ ढेला, दुकानों का सामान और दो पहिया चार पहिया वाहन खडे रहने से हमेंशा जाम लगने और विवाद की स्थिति बनती है। नपं. प्रशासन और पुलिस द्वारा दुकानदारों को हद में रहने की हिदायत देने, चूने की लाइनें डालने के बाद भी कुछ दिनों बाद अतिक्रमण ही अतिक्रमण नजर आने लगता है। प्रत्येक तिराहे, चौराहे पर अतिक्रमण की अधिकता और कुछ मार्गो पर दिनरात सडक़ के दोनों ओर वाहन खड़े रहने से सुरक्षित यातायात दूर की कोडी बना हुआ है।*

### शिवालयों में गूंजेंगे बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय

# आज श्रावण का तीसरा सोमवार, होगा शिवाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सावन का महिना भगवान शंकर को अति प्रिय है। इसी कारण सनातन संस्कृति धर्म में श्रावण माह का विशेष महत्व है। वैसे तो प्रतिदिन प्रातः से शिवालयों में शिव भक्तों की पूजा अभिषेक के लिए भारी उपस्थिति हो रही है। आज श्रावण माह का तीसरा सोमवार है, नगर के शिवालयों के साथ क्षेत्र के अति प्राचीन शिव मंदिरो में पहुंच कर श्रद्धालु नर-नारियों द्वारा विशेष पूजन, अभिषेक किया जाएगा।

### सिद्ध प्रसिद्ध शिव स्थान -

तहसील के ग्राम जामगढ़ एवं भगदेई एवं बापौली धाम विन्ध्यांचल पर्वत की तलहटी में है। भगदेई में खजुराहौ शैली का प्रचीन शिव मंदिर है, जहॉ सूर्यदेव की पहली किरणों से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होता है। जामगढ़ में जामवंत की गुफा से कुछ दूरी पर उंची पहाड़ी पर भगवान शंकर विराजे है। जहॉ शंकर जी विराजे है, पहाडी की गुफा में बारह महिनों नर्मदा जल के समान जल भरा रहता है। कुछ कि.मी. दूरी पर अति प्राचीन बापौली





धाम में विशेष शिवलिंग विराजमान है। जहॉ वर्षो तक ब्रम्हलीन पू. गुरूजी ने घोर तपस्या और साधना की गई थी। शिव मंदिर के पास ही प्राचीन बाबडी है। जहॉ वर्ष भर पानी भरा रहता है। बाड़ी के पास विन्ध्य की पहाडी में मृगन्नाथ की रहस्यमयी गुफा है। ऐसी मान्यता है, कि नारद मुनि ने यहॉ तपस्या की थी। मृगन्नाथ की गुफा से आगे किवलाझिर में प्राचीन शिव मंदिर के साथ तीन झिरिया है, जिनका जल अलग-अलग उपयोग किया जाता है।

### शिव भक्ति में रमें शिव भक्त -

सावन के महिना में पार्थिव शिवलिंग, रूद्री निर्माण, पूजन, अभिषेक के शिव भक्तों के घरो में आयोजन हो रहे है।

नगर शिवालयों में सुबह शाम शिव भक्तों की पूजन, आरती में भीड़ लग रही है। इसी के साथ मंदिरों एवं घरो में महिलाओं के धार्मिक भजन, कीर्तन भी बडे स्तर पर हो रहे है। लगातार जोरदार बारिश के चल रहे दौर में शिव भक्ति का जोर बना हुआ है।

## नशामुक्ति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका : एसडीओपी

**बरेली।** 15 जुलाई से पुलिस द्वारा समाज के विभिन्न वर्गो में नशे से दूरी है जरूरी, नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत थाना सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधिकारियों ने नशे से दूरी है, जरूरी कार्यक्रम में नशा प्रवृति से होने वाले दुष्परिणामों की विस्तार से चर्चा की और नशा मुक्त समाज में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सक्रियतापूर्वक सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं से कहा कि आपकी घर-घर में पहुंच रहती है। महिलाओं की समस्याओं को अच्छी तरह जानती समझती है।



## सावन के सोमवार पर विशेष श्रृंखला : रहस्यमयी शिव मंदिर: कहते हैं जामवंत ने एक ही रात में बना दिया था यह मंदिर

# जामगढ़-भगदेई का शिवधाम पर विंध्याचल पर्वत करता है भगवान शिवजी का 'अभिषेक' तो सूर्यदेव करते हैं 'श्रृंगार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन जिले के छोटे से गांव जामगढ़-भगदेई में विंध्याचल पर्वत स्थित शिवजी के प्राचीन धाम अपनी विशेष विशेषताओं के लिए विख्यात हैं। जामवंत गुफा के पास प्राचीन शिव गुफा एवं प्राचीन शिव मंदिर सदियों से रहस्यमय और आस्था का केंद्र बना हुआ है।

जामगढ़ के पास विंध्याचल पर्वत स्थित अति प्राचीन प्राकृतिक शिव की गुफा में तो भगवान शिवजी का जलाभिषेक स्वयं विंध्याचल पर्वत करते हैं। यहां अधिकतर समय तक पहाड़ से जलधारा और जल बिन्दु सीधे शिवजी का अभिषेक करती है। इसी प्रकार भगदेई स्थित प्राचीन शिवमंदिर में विराजमान शिवजी का श्रृंगार नित्य सूर्य करते हैं। सूर्य की पहली किरण सीधे शिवजी पर पड़ती है। इस



प्रकार यहाँ सूर्य शिवजी का श्रृंगार करते हैं।

स्थानीय मान्यताओं और लोककथाओं के मुताबिक, इस



मंदिर का निर्माण किसी आम इंसान ने नहीं, बल्कि रीछराज जामवंत ने खुद किया था वो भी एक ही रात में।

### कहानी जो रहस्यमय बन गई...

गांव के बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक, हर किसी को जामवंत से जुड़ी यह कथा जुबानी याद है। यहाँ के पुजारी पंडित महेन्द्र शर्मा और गांव के बजुर्ग मानसिंह कुशवाह ने बताया कि हमने अपने बुजुर्गों से इस मंदिर के बारे में सुना है कि जामवंत जब यह मंदिर बना रहे थे, तो उन्होंने निर्वस्त्र होकर रात के अंधेरे में निर्माण कार्य शुरू किया। उन्होंने अपनी बहन से कहा था कि अगर कोई इस ओर आता दिखे तो इशारा कर देना। ताकि वह सतर्क हो जाएं। लेकिन बहन को यह सब कुछ बड़ा अजीब लगा और उसने यह जानने की कोशिश की कि आखिर हो क्या रहा है। उत्सुकता में उसने इशारा करने के बजाय बिना वजह आटा चक्की चला दी।, जिससे शोर मच गया। रीछराज जामवंत ने समझ लिया कि कोई आ गया है और वे तुरंत काम छोड़कर अपनी गुफा की ओर चले गए। इस मंदिर का कलश आज भी अधूरा है। यह अलग बात है कि यहाँ के इतिहास को लेकर विद्वानों के मत अलग- अलग हैं। किवदंती और बुजुर्गों से सुनी कहानियां मंदिर को जामवंत द्वारा बतातीं हैं, तो तंत्र मार्गी विद्वान इसे 5 वी, 6 वीं शताब्दी का मानते हैं और इतिहासकार इसे 9 वीं ,10 वीं शताब्दी का मानते हैं। कुल मिलाकर इन कथाओं और किवदंतियों के गांवों का इतिहास रहस्यों से भरा है।

### जामवंत के पैरों के निशान जो आज भी हैं मौजूद

*कहा जाता है कि जब जामवंत गुफा की ओर भागे, तो उनके पैरों के निशान वहीं की चट्टानों पर अंकित हो गए। आज भी यह निशान जामगढ़ गांव में भगदेही तालाब और गुफा के बीच एक बरसाती झरने के पास की चट्टानों पर देखे जा सकते हैं। ऐसा लगता है जैसे किसी ने गीली मिट्टी पर दौड़ लगाई हो और वो पल पत्थरों पर जम गया हो।*

---

## खबर संक्षेप

### शगुन मैरिज गार्डन में बनाए पार्थिव शिवलिंग



**रायसेन।** शहर के शगुन मैरिज गार्डन में अमरनाथ सेवा समिति रायसेन के बैनर तले रविवार को चौथे दिन पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण डॉ एसी अग्रवाल, लकीश्वर महाराज, यश हेमनानी, प्रदीप राठौर, वैभव अग्रवाल, शिक्षक भंवर मौर्य, मुकेश पालीवाल, सुनील पाटकर एडवोकेट, गौरव गोस्वामी, केवल विश्वकर्मा आदि परिवार ने किया। आखिर में आयोजन समिति द्वारा गंगा जी की तर्ज पर नर्मदा महाआरती, शिव अभिषेक के साथ आरती पूजन की गई।

### पूर्व नपाध्यक्ष स्व राठौर के निवास पर पहुंचे शिवराज



**रायसेन।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा समिति की बैठक निपटाने के बाद जगह-जगह भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। शहर के गंजबाजार स्थित नगर पालिका अध्यक्ष स्व. रामप्रसाद राठौर के घर पहुंचे उनकी पत्नी रोहिणी देवी राठौर के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके साथ पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जमना सेन, ब्रजेश चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, जिपं सदस्य ऊषा सोनू मीणा, ब्रजेश चतुर्वेदी, सरपंच रंजीत लोधी चांदना, बंटी मनीष माहेश्वरी द्वारा फूलमाला पहनाकर किया स्वागत।

### कांवड़ में जल भरकर निकल रहे कांवड़िए



**सिलवानी।** सावन माह में धर्म स्थलों व घरों में भगवन भोलेनाथ के जयकारे गूंज रहे है। भजन, कीर्तन, अखंड पाठ आयोजन किए जा रहे है। सावन के तीसरे सोमवार को नगर व अंचल के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। शिवालयों में पहुंच कर श्रद्धालु भगवान शिव की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना आराधना करेगें। नर्मदा तट बौरास घाट से मां नर्मदा नदी का जल कांवड़ में भर कर प्रतिदिन अनेकों की संख्या में कांवड़िए नगर की सड़कों से निकल रहे है। वहीं रविवार दोपहर को नगर के बजरंग चौराहा से ग्राम जमुनिया के करीब 50 कांवड़िए नर्मदा जल भर कर निकले, जो ग्राम के शिवालय में सावन माह के तीसरे सोमवार को शिव जी का जलाभिषेक करेंगे।

---

## हर बच्चे का डेटा होगा ऑनलाइन

# चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप से ड्रॉपआउट रोकने सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप से अब ड्रापआउट रोकने सर्वे किया जाएगा। हर एक बच्चे का डेटा ऑनलाइन होगा। ऐप से जिले के प्रत्येक घर में से 6 से 18 साल के बच्चों के लिए जुटाई जा रही है जानकारी। जिले के सातों ब्लॉक में 2 लाख 52 हजार 46 बच्चों का सर्वे इस ऐप से होगा, जिसमें बच्चों का डेटा एकत्रित किया जाएगा। जिले के 1852 स्कूलों के 6500 शिक्षक इस कार्य को पूर्ण करेंगे।

शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित न हो, इसे लेकर घर-घर पहुंचकर सर्वे कर ऑनलाइन जानकारी दर्ज की जा रही है। चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप से 6 से 18 साल तक के बच्चों की पहचान कर उन्हें पोर्टल पर अंकित किया जा रहा है। अगर इस दौरान कोई विद्यार्थी स्कूल से बाहर



है तो उस संबंध में विशेष रिमार्क लगाकर निगरानी में रखा जाएगा। ताकि उसे भी स्कूल में प्रवेश कराने के प्रयास हो सकें। जिले में सभी शिक्षकों को इस ऐप के माध्यम से सर्वे करना है। हालांकि यह कार्य कई शिक्षकों ने शुरु कर दिया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य नामांकन में वृद्धि करना और ड्रॉपआउट को रोकना है। जिसमें नामांकित और गैर-नामांकित दोनों बच्चों की पहचान आसान है।

### परिवार आईडी से जुटाया जा रही बच्चों की जानकारी

इस पहल के तहत जिला शिक्षा विभाग द्वारा विकसित चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप का उपयोग किया जा रहा है। शिक्षकों को उनके संबंधित वार्डों में आवंटित घरों का सर्वेक्षण करने का कार्य सौंपा गया है। ऐप में परिवार आईडी के नाम से घर के सभी बच्चों की जानकारी फीड है, जिसमें बच्चों का नाम घर से स्कूल की दूरी और ड्रापआउट जैसी जानकारी उपलब्ध है। यह ऐप नामांकन में सुधार ड्रॉप आउट की पहचान और सहायता योजनाओं की पात्रता तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### ड्रॉपआउट पर ध्यान

सर्वेक्षण के दौरान शिक्षकों को उन बच्चों की पहचान करना होगी जो वास्तव में स्कूल नहीं जा रहे हैं। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चे। प्रवासी मजदूरों के बच्चे। 6 से 18 साल तक के बीच के ड्राप आउट बच्चे भी शामिल हैं। इस जानकारी का उपयोग शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल से जोड़ना है।

### इनका कहना है

स्कूल चले हम अभियान के इस डिजिटल सर्वे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यह ऐप ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के लाभ पात्रों तक पहुंचाने में भी मददगार साबित हो रहा है।

**- पीके रैकवार,** डीपीसी, जिला शिक्षा केन्द्र रायसेन।

---

# रविवार को दिनभर कभी तेज तो कभी रिमझिम हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर तेज बारिश का दौर जारी है। इससे जिले के नदी, तालाब और डैम का जल स्तर बढ़ गया है। इस सीजन में बरना डैम के गेट दो बार खोले जा चुके हैं।



रविवार को भी सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से धान की खेती करने वाले किसानों को फायदा हो रहा है। खेतों में पानी पहुंचने से किसानों ने धान की रोपाई का कार्य तेज कर दिया है। वहीं बारिश से सतकुंडा स्थित महादेव पानी का झरना तेज गति से बहने लगा है। हालांकि प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए पर्यटकों के आने पर रोक लगा दी है। वहीं पूरा वातावरण हरियाली से भरा नजर आ रहा है।

---

## डेम पर सुरक्षा के नही हैं कोई इंतेज़ाम

# हलाली डैम पर जान जोखिम में डालकर सेल्फी रहे पर्यटक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

बारिश का मौसम और रविवार की छुट्टी इन दोनों के मेल ने रायसेन जिले के हलाली डैम पर पर्यटकों की भारी भीड़ जुटा दी। भोपाल, विदिशा, बैरसिया और रायसेन सहित दूर-दराज से लोग प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने यहां पहुंचे। लेकिन इस दौरान कई पर्यटक अपनी जान जोखिम में डालकर ऊंची और फिसलनभरी जगहों पर सेल्फी लेते नजर आए।भीड़ भाड़ और असावधानी के बीच यह नज़ारा चिंता का विषय बन गया है।

जानकारों का कहना है कि हलाली डैम पर पहले भी कई बार लापरवाही के चलते जानें जा चुकी हैं। इसके बावजूद लोग न तो सतर्क हो रहे हैं और न ही पूर्व की घटनाओं से सबक ले रहे हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि डैम पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड और बैरिकेड्स लगाए जाएं ताकि इस तरह की लापरवाही से कोई अनहोनी न हो।

### पर्यटक जान खतरे में डाल लेते है सेल्फी

रविवार को हलाली डेम पर सैंकड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंच गए और चट्टानों पर खड़े होकर जान हथेली पर रखकर सेल्फी लेते नज़र आए। जबकि दो वर्ष पहले ही सेल्फी लेते समय छरछरी में गिरकर महिला की मौत हो गई थी। महिला का शव 7 घंटे की मशक्कत के बाद ढूंढा जा सका था। उस समय डेम की छरछरी का बहाव इतना तेज़ था कि महिला का शव शाम तक भी नही मिल सका था।

कोलार भोपाल से पति पत्नी दोनों हलाली डेम घूमने के लिएं आए थे। हिमानी मिश्रा पत्नी डॉक्टर उत्कर्ष मिश्रा उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी कोलार भोपाल घूमते समय हलाली डेम के पुल की बाउंड्री पर मोबाइल से सेल्फी ले रही थीं। इसी दौरान पांव फिसलने से डेम की छरछरी में तेज बहाव के साथ बह गईं।

---


# कर्क रेखा से लेकर बालमपुर घाटी तक मार्ग पर हुए गहरे-गहरे कई गड्ढे, जो हादसा को दे रहे हैं न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बारिश के दिनों में मुख्य सड़कों पर कई जगह खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान नहीं। इन दिनों क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से सड़कों का बुरा हाल है, जिससे फिसलन बढ़ गई है। कई मुख्य मार्गों और चौराहों में गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें बारिश का पानी जमा होने के कारण गड्ढे की गहराई का पता चलना मुश्किल है।

ऐसे में यदि कोई वाहन चालक गड्ढे से होकर गुजरता है तो दुर्घटना होना तय है। जबकि 4 महीने पहले ही एमपी आरडीसी द्वारा चोपड़ा से लेकर हाईवे 146 तक रोड पर एक तरफ से डामरीकरण किया गया है, लेकिन 4 महीने में ही फिर से सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। कर्क रेखा से लेकर बालमपुर घाटी तक 10 किलोमीटर मार्ग में ही 30 से ज्यादा गहरे गड्ढे





हो गए हैं इन गढ़ों में बारिश का पानी भरा रहता है। यह गहरे गड्ढे हादसों को दे रहे हैं न्योता।

भोपाल से लेकर हाईवे 146 तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जबकि वाहन चालक विदिशा से सागर तक पहुंचने के लिए इसी मार्क का उपयोग किया जाता है मगर गड्ढों ने आमजन की रहा मुश्किल कर दी है।

इन गड्ढों को भरने के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने अब तक कोई पहल नहीं की जबकि हर दिन इस मार्ग से आला अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है अब तो भदभदा पर टोल टैक्स स्थापित हो गया है जो कमर्शियल वाहनों से टोल टैक्स वसूलता है। इसके बाद भी सड़क की देखभाल नहीं हो रही है सड़क की दिनोदिन हालत खराब होने लगी है। इन गड्ढों में मोटरसाइकिल का पहिया पहुंच जाए तो वाहन चालक अनियमित होकर गिरकर घायल हो जाता है कभी-कभी तो मोटरसाइकिल वाले व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो जाए करती है ऐसे में कई बार दुर्घटना बड़ा रूप भी ले लेती है इस मार्ग पर एक हफ्ते से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।

फोर व्हीलर गाड़ी हो या टू व्हीलर गाड़ी वाला हो गड्ढा बचाने के चक्कर में एक दूसरे से टकरा जाते हैं इन गड्ढों के कारण फोर व्हीलर गाड़ी चलने में भी दिक्कत आ रही है। अभी बारिश का समय है जिस कारण रात के समय गाड़ी वालों को यह गहरे गड्ढे नहीं दिखते जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। भोपाल से विदिशा तक का मार्ग रात और दिन चलता है इस रोड से छोटे बड़े हजारों वाहन निकलते हैं ।

---

## दो बाइकों की टक्कर में चार युवक घायल, एक गंभीर

**सलामतपुर/सांची।** रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे विदिशा बायपास के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें 4 युवक घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक को गंभीर हालत में भोपाल रेफर करना पड़ा। हादसे में मोहन आदिवासी (18), पप्पू आदिवासी (20) और धर्मवीर आदिवासी (18) तीनों निवासी साबर, विदिशा घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार विशेष जैन (27), निवासी विदिशा को भी गंभीर चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भेजा। विशेष जैन की हालत गंभीर होने से भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि अन्य 3 घायलों को विदिशा के मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

---

# हत्या के मामले में चार सगे भाईयों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन जिला न्यायालय में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने चार सगे भाइयों को दलित युवक वीर सिंह अहिरवार की हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मप्र शासन की ओर से धनीराम विश्वकर्मा विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई थी इस केस की पैरवी।

रायसेन के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने द्वारा चार सगे भाइयों को युवक वीर सिंह अहिरवार की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

हम आपको यह बता दें कि यह घटना 19



दिसंबर 2020 की है, जिसमें फरियादी इमरत सिंह अहिरवार ने देवनगर ( देहगांव ) थाने में शिकायत की थी कि उसका बेटा वीर सिंह अहिरवार अपनी मोटरसाइकिल से अपने खेत पर जा रहा था। तो पास में ही रहने वाले रामकेश, लक्ष्मी नारायण, गुड्डा और बनिया गुर्जर ने उसकी मोटरसाइकिल को रोककर उसके साथ मारपीट की थी और नीचे पटक कर कुल्हाड़ियों से जानलेवा हमला किया था। इस मारपीट की घटना में वीर सिंह की मौत हो गई थी तो वहीं पुलिस ने इस मामले में चालान पेश किया था। जिस पर सुनवाई पूरी होते ही विशेष न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी द्वारा रामकेश, लक्ष्मी नारायण, गुड्डा और बनिया को हत्या के मामले में दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही इन सभी पर 500 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया।

विशेष न्यायाधीश ने 15 गवाह और साक्ष्यों के आधार पर अपने 50 पेज के फैसले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं सरकारी वकील धनीराम विश्वकर्मा ने बताया कि चारों भाईयों ने मिलजुलकर वीर सिंह अहिरवार की हत्या की थी। जिसके बाद विशेष न्यायाधीश के समक्ष साक्ष्य के आधार पर इन सभी को दोषी पाया गया। जिसके बाद इन सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

---

## खरबई सेक्टर में 'मन की बात' कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

# यह है नए भारत की विकसित तस्वीर: अजय जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रभाव सांची विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में भी गहराई से देखा गया। इसी क्रम में रविवार को सांची विधानसभा के खरबई भाजपा ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 88 पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर मन की बात सुनी।

कार्यक्रम के उपरांत श्री जामवाल ने आमजनों और पार्टी नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनके उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के कोने-कोने में जनसंवाद का सशक्त माध्यम है। आज महिलाओं और ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखकर यह स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का

### श्री जामवाल ने नेताओं-कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनके उत्साह की सराहना की





संदेश हर दिल तक पहुंच रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने श्री जामवाल का स्वागत करते हुए उन्हें पोलिंगबूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से मिलवाया। प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, सांची विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीना बब्लू भैय्या, मंडल प्रभारी राकेश तोमर, बूथ अध्यक्ष मनफूल राय, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू और मीडिया विभाग से सीएल गौर सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। वक्ताओं ने मन की बात के प्रेरणादायक विचारों को जनसेवा की दिशा में उपयोगी बताते हुए इसे राष्ट्र निर्माण की चेतना का स्त्रोत कहा।

---

# श्रद्धालु भक्ति के साथ कर रहे पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जहां पर कि श्रद्धालु पहुंच कर आस्था व श्रद्धा के साथ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहे है।

यहां पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर खेड़ापति पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि सावन मास में शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, भस्म, धतूरा और अकौआ अर्पित करने से जन्मों के पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख शांति का वास होता है। उन्होंने कहा कि महादेव को यदि श्रद्धा से केवल एक लोटा जल भी अर्पित किया जाए तो वे प्रसन्न होकर जीवन की हर बाधा दूर कर देते हैं। प्रवचन के दौरान शास्त्रीजी ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और फिल्मों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुछ विद्यालयों में शिक्षक बच्चों से



कहते हैं कि भगवान नाम की कोई चीज नहीं होती, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को ऐसे संस्थानों में भेजा जाए जहां पढ़ाई के साथ संस्कार और सनातन धर्म की शिक्षा भी मिले। बॉलीवुड पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि फिल्मों में ऐसे दृश्य परोसे जा रहे हैं जिनका बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। यही कारण है कि बच्चे मोबाइल और टीवी के आभासी संसार में खोकर अपने कर्तव्य और धर्म से भटकते जा रहे हैं।